प्रादेशिक समाचार
दिनांक–04.10.2023 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए एलपीजी सब्सिडी, दो सौ रुपये प्रति सिलेंडर से बढ़ाकर तीन सौ रुपये प्रति सिलेंडर करने को दी मंजूरी।
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पलामू में मेधा डेयरी प्लांट का किया उद्घाटन, कहा–लोग यदि दूध को व्यापार में शामिल कर लें तो किसानों की आय होगी दोगुनी और राज्य बनेगा सशक्त। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने आगामी आम चुनाव के लिए प्रशिक्षण के दौरान मतदान प्रतिशत 80 से अधिक करने का अधिकारियों को दिया लक्ष्य।

और

- लगातार हो रही बारिश से राज्य की कई नदियां उफान पर, पतरातू डैम का जलस्तर बढ़ने से आसपास के क्षेत्रों में हाई अलर्ट।

****************

सरकार ने उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए एलपीजी सब्सिडी प्रति सिलेंडर एक सौ रुपये बढ़ा दी है। सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए एलपीजी सब्सिडी, दो सौ रुपये प्रति सिलेंडर से बढ़ाकर तीन सौ रुपये प्रति सिलेंडर करने को मंजूरी दी है। उन्होंने बताया कि मंत्रिमंडल ने तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के बीच फैसले के लिए, अंतर–राज्य नदी जल विवाद अधिनियम, 1956 के अंतर्गत कृष्णा जल विवाद न्यायाधिकरण–द्वितीय के संदर्भ की शर्तों को भी मंजूरी दी है।

****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति ने उत्तरी कोयल जलाशय परियोजना के शेष कार्यों को पूरा करने के लिए संशोधित करीब दो हजार चार सौ तीस करोड़ रुपये के केंद्रीय हिस्सा करीब एक हजार आठ सौ करोड़ रुपये की लागत के एक प्रस्ताव को अपनी मंजूरी दे दी है। शेष कार्य पूरा होने पर, यह परियोजना झारखंड और बिहार के चार सूखाग्रस्त जिलों में बैयालीस हजार तीन सौ एक हेक्टेयर क्षेत्र को अतिरिक्त वार्षिक सिंचाई प्रदान करेगी।

****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज पलामू में मेधा डेयरी प्लांट का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होने कहा कि पलामू के लोग यदि दूध को व्यापार में शामिल कर लें तो किसानों को आय दुगनी हो जाएगी। इससे गांव मजबूत होगा और राज्य सशक्त बनेगा।

मुख्यमंत्री ने डेयरी प्लांट को 21 करोड़ 90 लाख रुपये का अनुदान का चेक भी दिया। यह अनुदान की राशि प्रति तीन लीटर दूध के हिसाब से किसानों को वापस दी जाएगी। इस मौके पर उनके साथ कृषि मंत्री बादल पत्रलेख और वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव भी थे।

****************

मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग के तत्वावधान में आज रांची में राज्य के सभी विधान सभा क्षेत्रों से संबद्ध सभी एईआरओ के दो दिवसीय क्रमागत प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने प्रखंड स्तरीय अधिकारियों से आगामी आम चुनाव में झारखंड में मतदान प्रतिशत को 80 से ऊपर ले जाने का लक्ष्य दिया।

****************

रांची के पुंदाग में कल क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय भवन का शिलान्यास समारोह आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में विदेश एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।

****************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल के कथन को साकार करने के लिए जामताड़ा समाहरणालय परिसर में पलाश मार्ट कैफे का शुभारंभ किया गया।

****************

जमशेदपुर स्थित राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला (एनएमएल) अपने स्थापना का 82वां वर्ष मना रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला के ऑडिटोरियम में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सेल रांची के कार्यकारी निदेशक निर्भीक बनर्जी थे। श्री बनर्जी ने बताया कि देश में अभी आधारभूत संरचना का विकास बहुत ही तेजी से हो रहा है और यह सभी उद्योगों में भी हो रहा है। हमारा ग्रोथ रेट बढ़ रहा है।

****************

देवघर में 25 हजार राशन कार्ड धारी अनाज का उठाव नहीं कर रहे हैं। उपायुक्त विशाल सागर ने पूरे मामले की जांच के लिए आदेश जारी किया है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

****************

हजारीबाग एसीबी की टीम ने डाड़ी प्रखंड में पदस्थापित मनरेगा कनीय अभियंता सुशील कुमार केशरी को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए आज रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। कनीय अभियंता पर मनरेगा योजना से कूप निर्माण कर रहे लाभुक से 20 हजार रुपये की मांग करने का आरोप है।

***************

साहिबगंज में रविवार को गुड़ बाजार में हुई ढाई लाख की डकैती मामले में नगर थाना की पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से घटना में इस्तेमाल मोटर साइकिल और हथियार बरामद किये गये।

****************

चीन के हांगचोओ में 19वें एशियाई खेलों में भारत ने आज अब तक एक स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य पदक जीते हैं। पदक तालिका में भारत 16 स्वर्ण, 27 रजत और 31 कांस्य सहित 74 पदक जीतकर के साथ चौथे स्थान पर है। भारत का ये एशियाई खेलों में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

****************

राजधानी रांची सहित राज्य के कई हिस्सों में आज सुबह से रूक–रूककर भारी बारिश हो रही है। वहीं पिछले चौबीस घंटे के दौरान कोल्हान, संताल और पलामू प्रमंडल समेत राज्य के कई इलाकों में भारी बारिश हुई है। लगातार हो रही भारी बारिश के कारण रामगढ़ जिले में स्थित पतरातू डैम का जलस्तर बढ़ गया है। इसे लेकर जिला प्रशासन हाई अलर्ट मोड पर है।

****************

लगातार वर्षा के कारण सरायकेला और खरसावां को जोड़ने वाली संजय नदी पर बनी गोविंदपुर पुल डूब गई है। वहीं खरकाई नदी का जलस्तर भी बढ़ गया है। इधर, लगातार हो रही बारिश के कारण खूंटी जिले के तोरपा शहरी क्षेत्र के लोगों की परेशानी बढ़ गई है। जलजमाव की सूचना पर तोरपा सीओ सचिदानंद वर्मा और बीडीओ दयानंद कारजी ने जल्द ही जलजमाव को दूर करने को लेकर ग्रामीणों को आश्वस्त किया।

****************

<u>और अब संक्षिप्त खबरें</u>

- सरायकेला जिले के आदित्यपुर बस्ती आई रोड़ के लोगों ने बस्ती के एक मकान को दूसरे समुदाय को बेचे जाने के विरोध में थाना पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया।

- रांची में मनरेगा के तहत संचालित उन्नति परियोजना का सफल क्रियान्वयन कर ससमय मनरेगा श्रमिकों का प्रशिक्षण पूर्ण करवाने और ग्रामीणों को सीधा लाभ पहुंचाने को लेकर मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने पदाधिकारियों के साथ बैठक की।
- साहिबगंज समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त राम निवास यादव की अध्यक्षता में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की पहुंच लोगों तक सुनिश्चित कराने के लिए ज़िला टास्क फ़ोर्स की बैठक आयोजित की गई।
- साहिबगंज जिले के आकांक्षी प्रखंड मंडरो में आंगनबाड़ी केंद्रों में ग्रामीण स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस पर पोषण मेला का आयोजन किया गया।

*********समाप्त**********